मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ–226006

पत्रांक:टीएस–सीसीटीएनएस–96/2017 दिनांक:नवम्बर 08 ,2017

सेवा में,

1. समस्त अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक, जोन, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्र उत्तर प्रदेश।
3. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, AGRA, FIROZABAD, MAINPURI, ALIGARH, ETAH, KASGANJ, ALLAHABAD, FATEPUR, KAUSHAMBI, BANDA, HAMIRPUR, BADAUN, PILIBHIT, SHAHJAHANPUR, AMROHA, MORADABAD, RAMPUR, SAMBHAL(BHEEM NGR), SANT KABIR NAGAR, SIDDHARTH NAGAR, BASTI, BAHRAICH, DEORIA, GORAKHPUR, KUSHINAGAR, MAHARAJGANJ, JHANSI, LALITPUR, AURAIYA, ETAWAH, KANPUR DEHAT, BARABANKI, SITAPUR, BAGHPAT, BULANDSHAHAR, GAUTAMBUDH NAGAR, HAPUR, MEERUT, BALLIA, BHADOHI, MIRZAPUR, CHANDAULI, JAUNPUR जनपद उत्तर प्रदेश।
4. समस्त डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, उत्तर प्रदेश।

विषयः– अन्य 3जी एवं 4जी नेटवर्क इन्टरनेट माध्यमों से उपलब्ध कनेक्टिविटी पर एन0आई0सी0 वी0पी0एन0 कनेक्टिविटी द्वारा सुरक्षित नेटवर्क प्रदान किया जाना।

सन्दर्भः– समांक पत्र दिनांकित 22.09.2017, 05.10.2017, 13.10.2017, 23.10.2017

जैसा कि आप विदित हैं कि सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत बीएसएनएल द्वारा प्रदेश के 1467 (संलग्नक – 1) जनपद थाना व 65 (संलग्नक – 2) जी0आर0पी0 थाना कुल 1532 थानों एवं 9 जी0आर0पी0 कार्यालय (संलग्नक – 3) , 26 जोन व परिक्षेत्र कार्यालय (संलग्नक – 4), 35 – अन्य कार्यालय (संलग्नक – 5) , 524 जनपदीय कार्यालय (संलग्नक – 6)

सहित उपरोक्त सन्दर्भ द्वारा संलग्नक आपको उपलब्ध कराया गया है। इस प्रकार कुल 594 अन्य कार्यालयों पर वीपीएन कनेक्टिविटी उपलब्ध करायी गयी है ।

2. विभाग स्तर से बीएसएनएल के इतर अन्य 3जी एवं 4जी नेटवर्क इन्टरनेट मोबाइल अथवा अन्य माध्यमों पर उपलब्ध कनेक्टिविटी पर एन0आई0सी0 के सहयोग से वी0पी0एन0 कनेक्टिविटी लगाये जाने का प्रयोग किया गया था, जिसमें 3जी एवं 4जी नेटवर्क पर सफल परिणाम प्राप्त हुए हैं।

3. अतः विभाग द्वारा सभी थानों एवं अन्य कार्यालयों पर वैकल्पिक वीपीएन कनेक्टिविटी प्रदान किये जाने हेतु कार्यालय के प्रभारी अधिकारी की सूचना एवं उपलब्ध मोबाइल/इण्टरनेट की सूचना प्राप्त की गयी थी। जिसमें समांक पत्र दिनांकित 05.10.2017 (छाया प्रति संलग्नक–1) द्वारा तत्समय प्राप्त पूर्ण सूचना के आधार पर 202 लोकेशन हेतु आपको निर्देश उपलब्ध कराये गये हैं।

4. उक्त निर्देश द्वारा पुलिस थानों को प्रदेश में पहली बार सीसीटीएनएस पोर्टल और स्टेट डाटा सेन्टर से किसी भी मोबाइल नेटवर्क की उपलब्ध इण्टरनेट कनेक्टिविटी के माध्यम से जोड़ने का सफल प्रयास, प्रदेश के 6 जगहों पर किया जा चुका है।

5. इस व्यवस्था को लागू करने के लिए आपके जनपदों के 197 थानों के वीपीएन सर्टिफिकेट एनआईसी द्वारा उपलब्ध कराये गये हैं, जहॉ भारत संचार निगम लिमिटेड के द्वारा प्रदान की गयी कनेक्टिविटी या तो नहीं है या खराब है या बहुत खराब है पर कार्य किया जा सकता है। इनमें थाने पर इन्टरनेट डोंगल या अन्य इन्टरनेट माध्यमों (तरंग) से इन्टरनेट कनेक्टिविटी स्थापित कर वीपीएन सार्टिफिकेट का प्रयोग कर सीसीटीएनएस

सुरक्षित नेटवर्क से जुड़ जायेंगे। जिसकी प्रकिया थानों द्वारा (संलग्नक–3) द्वारा अपनायी जाय।

6. यह वैकल्पिक बेहतर व्यवस्था प्रदेश के सभी थानों पर उपलब्ध करायी जानी है जिसमें कुछ जनपदों द्वारा अब तक पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी है जिसके प्राप्त होने पर अग्रेतर कार्यवाही की जा सकेगी। इससे प्रदेश के सभी थाने पर इन्टरनेट डोंगल या अन्य इन्टरनेट माध्यमों से (तरंग) के माध्यम से इन्टरनेट कनेक्टिविटी स्थापित कर वीपीएन सार्टिफिकेट का प्रयोग कर सीसीटीएनएस के सुरक्षित नेटवर्क से जुड़ जायेंगे, और सीसीटीएनएस पोर्टल पर बेहतर कनेक्विटी सुचारू रूप से हर समय उपलब्ध हो सकेगी।

संलग्नकःयथोपरि।

8/11

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतुः–

1. पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक समस्त जनपद उत्तर प्रदेश (उपरोक्त के अतिरिक्त) को इस आशय से प्रेषित है यदि आपसे सम्बन्धित सूचना अब तक इस मुख्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी तो सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु।
3. प्रभारी नेटवर्क आपरेटिंग सेन्टर, तकनीकी सेवायें को इस निर्देश के साथ कि क्यूमेल के माध्यम से जनपद कोऑर्डिनेटर को सूचना प्रेषित करें तथा अभिलेखार्थ रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध करायें।
4. प्रभारी सीसीटीएनएस, तकनीकी सेवायें को सूचनार्थ।
5. प्रभारी ईमेल को पत्र मेल एवं बेवसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।